काना राम बनाम नगर परिषद किशनगढ वगैरह

2011/00016(465/11/75) आदेश दिनांक 27.03.2018

यह पत्रावली मान्नीय राजस्व मण्डल राज.,अजमेर को 5380/2017/प्रार्थना पत्र मुन्तकिल/एलआर/अजमेर/ निर्णय 07.03.2018, 5514 दिनांक 12.03.2018 प्राप्त हुआ तथा साथ ही निर्णय दिनांक 07.03.2018 प्राप्त होने पर तलब की गई। मान्नीय मण्डल ने अपने आदेश दिनांक 07.03.2018 द्वारा मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वीकार कर राजस्व अपील प्राधिकारी, अजमेर के समक्ष लंबित अपील संख्या 465/2011 को राजस्व अपील प्राधिकरी, जयपुर के न्यायालय में स्थानान्तरित किया है तथा उभयपक्षकारान को निर्देशित किया है कि राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर के न्यायालय में दिनांक 20.04.2018 को उपस्थित हों। मान्नीय मण्डल के आदेशानुसार अपील को नियत दिनांक 20.04.2018 से पूर्व राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर को भिजवायी जावें। मुन्तकिल प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली हों। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।